## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर आयोजित

**करनाल।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा करनाल द्वारा उपायुक्त एवं प्रधान, जिला रेड क्रॉस श्री उत्तम सिंह, आई.ए.एस. के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ रेडक्रॉस के सचिव कुलबीर मलिक द्वारा किया गया। कुलबीर मलिक ने शिविर में आए सभी युवाओं को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया, जिसमें 38 युवाओं द्वारा रक्तदान करने हेतु अपना नाम पंजीकृत करवाया तथा 33 युवाओं द्वारा रक्तदान किया।

### भाजपा के तीनो मंडलों की कार्यकारिणी की हुई बैठक

**घरौंडा।** भाजपा के तीनो मंडलो की कार्यकारिणी की बैठको का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ने की। बैठक में विधायक हरविंद्र कल्याण ने मुख्य रूप से शिरकत की। विधायक कल्याण ने कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता मे रही है कांग्रेस ने सिर्फ सिस्टम को बिगाड़ कर अपने कुछ लोगों को लाभ देने का काम किया है।

### वालटाल में भंडारे का आयोजन

**घरौंडा।** श्री अमरनाथ सेवा मंडल घरौंडा की और से वालटाल में श्रदालूओ के लिए शहर के लोगों से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शहर के लोगों ने सहरानीय कदम बताया। मंडल के खजांची सतीश कुमार मनुजा ने बताया कि भंडारा 19 अगस्त तक चलेगा। बता दें कि श्री अमरनाथ सेवा मंडल की और से अमरनाथ में श्रद्धालूओ के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### 'हरियाणा मांगे हिसाब' को लेकर किया जनसंपर्क

**करनाल।** 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत भाजपा के कुशासन, 10 साल की विफलताओं पर घेरते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा बीजेपी सरकार के खिलाफ 15 मुद्दों से जुड़े सवालों की 'चार्ज शीट' लेकर राम नगर मे पहुंचने पर राम नगर निवासियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया इस मौके पर राम नगर निवासियों ने अपनी समस्याओं के बारे में बताया।

### आंगनवाड़ी वर्कर मांगों को लेकर अधिकारी से मिले

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने मांगों को लेकर नवनियुक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी करनाल सीमा प्रसाद कुमारी के साथ मिटिग की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आशवासन दिया की जल्दी ही सभी मांगों का समाधान कर दिया जाएगा।

### सडक़ पर बने हैं बड़े-बड़े गड्ढे, लोग परेशान

**तरावड़ी।** तरावड़ी सेक्टर 1 से तरावड़ी शहर को आने वाली एकमात्र प्रमुख सडक़ जिसकी चौड़ाई लगभग 50 से 60 फीट है। इस सडक़ की हालत इतनी दयनीय है कि दिन के समय तो दूर रहा, रात के समय भी इस सडक़ से निकलना बहुत मुश्किल है। मजे की बात तो यह है कि उक्त रोड़ पर तरावड़ी पुलिस स्टेशन, शैक्षणिक संस्थान के अलावा कई कालोनियां बनी है जिनके लोगों का यह मुख्य रास्ता है।

## मुख्यमंत्री शहरी स्थानीय निकाय स्वामित्व योजना का निगम के किराएदार उठाएं लाभ

# निगम के किराया दुकानदार बन सकते हैं मालिक, सेल ऑफ शॉप पोर्टल पुनः ओपन

**आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



मुख्यमंत्री शहरी स्थानीय निकाय स्वामित्व योजना के तहत नगर निगम के किराया दुकानदार, दुकान के मालिक बन सकते हैं। इसके लिए हरियाणा सरकार की ओर से बीती 16 जुलाई को सेल ऑफ शॉप पोर्टल पुनः खोला गया था, जिसकी अंतिम तिथि 30 जुलाई 2024 है। शुक्रवार को यह जानकारी नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जसपाल सिंह गिल ने दी।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत 20 वर्ष या इससे अधिक समय से किराए पर चली आ रही दुकानों या बूथों की स्थाई अलॉटमेंट हेतू आवेदन करने के लिए पोर्टल को 15 दिनों के लिए खोला गया है। इच्छुक किराएदार 30 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। इसके पश्चात आगामी कार्यवाही शुरू की जाएगी। उन्होंने किराएदारों से अपील करते कहा कि उन्हें इस मौके का लाभ उठाया चाहिए। इस अवधि के उपरांत पोर्टल बंद हो जाएगा, इसके पश्चात आवेदन नहीं किया जा सकता। उन्होंने जानकारी देते बताया कि सेल ऑफ शॉप पोर्टल पर नगर निगम की 556 दुकाने पंजीकृत हैं, इनमें से 291 दुकानों के किराएदारों ने मालिकाना हक लेने के लिए आवेदन किया था। इनमें से 165 दुकाने शामलात कस्बा भूमि पर है, जिन पर सिविल कोर्ट ने स्टे लगाया हुआ है।

उन्होंने बताया कि 65 दुकाने अन्य विभागों की भूमि पर बनी हुई हैं, ऐसे केस सम्बंधित विभाग को आगामी कार्यवाही के लिए भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त 43 दुकानों की रजिस्टरी करवाई जा चुकी है। दस्तावेजों की कमी के कारण 19 केस रद्द किए गए हैं तथा 2 केस प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि जिन दुकानों की रजिस्ट्री करवाई गई है, उनमें कर्ण पार्क स्थित बाईक मार्किट, पुरानी सब्जी मंडी, अर्जुन गेट व जुण्डला गेट क्षेत्र तथा नगर सुधार मंडल की दुकाने शामिल हैं। 31 दिसम्बर 2020 को 20 साल की अवधि पूरी कर चुके किराएदार बन सकते हैं मालिक- संयुक्त निगमायुक्त ने बताया कि ऐसे रेंट दुकानदार जो 31 दिसम्बर 2020 तक 20 साल की अवधि पूरी कर चुके हैं, वह इस पॉलिसी का लाभ लेने के पात्र हैं।

उन्हें सबसे पहले योजना के तहत सेल ऑफ शॉप्स पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा, जो ओपन है, इसकी अंतिम तिथि 30 जुलाई है। इसलिए रेंट दुकानदारों को जल्द आवेदन करना चाहिए, ताकि वे इसका लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि आवेदक या दुकानदार द्वारा कन्वेंस डीड की एनओसी के लिए, नियमानुसार दुकान की भूमि से सम्बंधित विकास शुल्क, जल सीवरेज उपयोग शुल्क तथा ठोस अवशेष शुल्क को ऑनलाईन नगर निगम कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि डिमांड नोटिस प्राप्त होने के उपरांत कुल राशि का 25 प्रतिशत भुगतान 15 दिनो के अंदर-अंदर जमा करवाने के बाद शेष राशि का पूर्ण भुगतान 3 माह के अंदर-अंदर करना होता है। इसके अलावा कन्वेंस डीड पर आने वाले रजिस्ट्रेशन व स्टैम्प ड्यूटी तथा अन्य खर्चे भी आवेदक द्वारा वहन किए जाएंगे।

**15 दिनों में करें आवेदन**

हरियाणा सरकार द्वारा योजना से सम्बंधित व नगर निगम कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों की पालना के लिए आवेदक बाध्य होंगे। भविष्य में कार्यालय नगर निगम करनाल की ऑडिट ब्रांच तथा चण्डीगढ़ मुख्यालय पर ए.जी. ऑडिट द्वारा पोस्ट ऑडिट के दौरान यदि कोई शुल्क या अन्य देय राशि नियमानुसार सम्बंधित भूमि को लेकर बकाया निकलती है, तो उसे भी 15 दिनो के अंदर-अंदर भरने के लिए आवेदक बाध्य होंगे। इसे लेकर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट का शपथ पत्र सत्यापित करवाकर नगर निगम कार्यालय में देना होगा।

**योजना का लाभ जरूर उठाएं दुकानदार**

योजना का लाभ लेने में रूचि न दिखाने वाले दुकानदारों को पड़ेगा महंगा- उन्होंने बताया कि जिन दुकानदारों ने अब तक आवेदन करने में रूचि नहीं दिखाई है, उन्हें भविष्य में किराए को लेकर दुकान महंगी पड़ सकती है। ऐसी दुकानों का मौका-मुआयना होगा तथा पॉलिसी के तहत उनके किराए का दोबारा मूल्यांकन किया जाएगा। पॉलिसी में फार्मूले के अनुसार जिस लोकेशन में दुकान स्थित है, वहांकलेक्टर रेट से एक साल का जितना किराया बनेगा, उसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की फिक्सड डिपोजिट पर वार्षिक ब्याज दर की तर्ज पर अतिरिक्त प्रभार जुड़ जाएगा। इस प्रकार एक वर्ष की जितनी कुल राशि बनेगी, वह दुकानदार को चुकानी होगी। इस राशि को चाहे मासिक किराए के रूप में या एक साल की इकट्ठी भी चुका सकते हैं। उन्होंने आगाह किया कि इस फार्मूला से मौजूदा किराए में काफी मात्रा में वृद्धि हो जाएगी।



तरावड़ी। दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैणी से मिलते मास्टर सतीश पंवार। फोटो : हरिभूमि

## दिव्यांगों के समाधान के लिए सीएम से मिले सतीश पंवार

- मुख्यमंत्री नायब सैणी ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों पर प्रमुखता से मंथन किया जाऐगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

दिव्यांगों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मास्टर सतीश पंवार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैणी से मुलाकात की। उन्होंने यह मुलाकात चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री के निवास स्थान पर की। कई दिव्यांगों के साथ मिलकर मास्टर सतीश पंवार ने मुख्यमंत्री नायब सैणी को हरियाणा प्रदेश के दिव्यांगों की समस्याएं बताते हुए उन्हें लिखित में एक ज्ञापन पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री नायब सैणी ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों पर प्रमुखता से मंथन किया जाऐगा। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों की समस्याओं के हल करने का भी आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन के बाद जानकारी देते हुए मास्टर सतीश पंवार ने बताया कि सौंपे गए ज्ञापन में दिव्यांगों को मिलने वाली नौकरियों में बैकलॉक भरने के साथ-साथ दिव्यांगों को 100-100 गज के प्लाट देने की मांग की है। इसके अलावा मास्टर सतीश पंवार ने कहा कि बी.पी.एल. कार्ड प्रत्येक दिव्यांग के परिवार के होने चाहिए। यही नही कौशल रोजगार में दिव्यांगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने के कारण अधिकतर दिव्यांग चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण नौकरी या फिर निजी कामकाज भी नही कर पाते, इसलिए दिव्यांगों की पैंशन में बढ़ौतरी भी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में मास्टर सतीश पंवार के साथ कल्याण सिंह, रामफल, सुभाष, राजपाल भुम्भक, सोनू, ऋषि, मान सिंह समेत कई दिव्यांग मौजूद रहे।

## विकास कार्यों को जल्द पूरा करें अधिकारी

- मेन बाजारों में दुकानों के बाहर सामान रखकर सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाही का फैसला लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। बैठक मे भाग लेते हुये अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, सचिव अजीत कुमार व पार्षद।

तरावड़ी नगरपालिका के प्रधान विरेंद्र बंसल व पार्षदों ने नपा सचिव अजीत कुमार के साथ बैठक कर अभी तक अधूरे पड़े विकास कार्यों की गति तेज करने के साथ साथ मेन बाजारों में दुकानों के बाहर सामान रखकर सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाही का फैसला लिया गया। नपा अधिकारियों ने सोमवार से लिए गए फैसलों पर अमल का विश्वास दिलाया। शुक्रवार दोपहर बाद बैठक के दौरान पार्षद प्रतिनिधि लखविंद्र सिंह व प्रेम चंद ने उनके वार्डों में ठप्प पड़े विकास कार्यों को लेकर विरोध जताया और कहा कि वार्ड की जनता उनसे हिसाब मांगती है। इसी तरह पार्षद सुरेंद्र खुराना व ओमप्रकाश मल्होत्रा ने भी कहा कि तरावड़ी के लगभग सभी वार्डों में सडक़ों व नालियों की खस्ता हालत लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। यही कारण है क पिछले दो सालों में बार-बार बैठक के दौरान लिखकर दिए कामों में सें अधिकतर काम आज तक शुरू नही हो पाए। कई पार्षदों ने इस मौके पर शहर के मेन बाजारों व अन्य जगहों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज करने की मांग और इस बारे में किसी की सिफारिश न सुनी जाए इसकी भी मांग की।

## हरियाणा सिख एकता दल की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



शिक्षा समाज को एक जुट कर उनके हक़ों की आवाज़ बुलंद करने की मुहिम के तहत आज श्री गुरु नानक देव जी के पावन स्थान गुरुद्वारा मंजी साहेब से "हरियाणा सिख एकता दल" की शुरुआत की गई।

विगत सप्ताह करनाल में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक व उसके बाद हिसार, फतेहाबाद व सिरसा में मौजीज़ सिखों व सिख संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक करने के बाद व अन्य ज़िलों के सिख प्रतिनिधियों व संगत की राय के बाद आज गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास कर व गुरु का हुकमनामा लेने के बाद इस नये संगठन की घोषणा की गई। इस अवसर पर बाबा गुरमीत सिंह गुरुद्वारा राज करेगा ख़ालसा, बाबा दिलबाग सिंह कार सेवा, बाबा मेहर सिंह नबियाबाद विशेष रूप से शामिल हुए व सिख क़ौम के हित में इस नई जत्थेबंदी को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया। बाबा गुरमीत सिंह डाचर ने कहा कि हरियाणा के सिखों को उनके हक़ों से वंचित किया जा रहा है। कोई भी पार्टी हरियाणा के सिखों की माँगों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने पूरे प्रदेश के सिख जगत से एक निशान साहिब के नीचे आकर आपने हक़ों की आवाज़ बुलंद करने का आवाहन किया। बाबा दिलबाग सिंह कार सेवा व बाबा मेहर सिंह नबियाबाद ने भी गुरु ग्रंथ साहिब का ओट आसरा लेकर शुरू किए गए अभियान की सराहना की।

**हरियाणा के सिखों की प्रमुख माँगें है**

- हरियाणा में 15-20 विधान सभा सीटों में सिख बड़ी गिनती में हैं, आने वाले विधान सभा चुनावों में यहां से सिख उम्मीदवार उतारे जायीं।
- अगली लोकसभा में सिख समुदाय के दो प्रतिनिधियों को टिकट मिले व राज्य सभा में भी हरियाणा के सिख समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाये।
- पंजाबी को दूसरी भाषा का दर्जा प्राप्त है लेकिन सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में पंजाबी के टीचर नहीं हैं।
- पंजाबी साहित्य अकादमी को पहले की तरह स्वतंत्र प्रभार दिया जाए।
- परीक्षाओं में अमृतधारी बच्चों के ककार न उतरवाने के लिये स्पष्ट निर्देश दिये जायें व ऐसा करने पर संबंधित अधिकारी के ख़िलाफ़ क़ानूनी व विभागीय कारवाई की जाये।

## कर्मचारियों ने लगाया अनदेखी का आरोप

- आगामी 26 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



सर्वकर्मचारी संघ ने सरकार को आगाह करते हुए कहा है कि कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी सरकार को बहुत महंगी पड़ेगी। एसकेएस के जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने कहा कि सरकार अहम में ना रहे, वरना आने वाले दिनों में प्रदेश भर के कर्मचारी सरकार को आईना दिखाने का काम करेंगे। आगामी 26 जुलाई को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां की जा रही आज की मीटिंग में विभागीय यूनियनों के प्रधान, सचिव ने अपनी अपनी रिर्पोट प्रस्तुत की वा पूरी तयारी के साथ सभी ने अपना पक्ष रखा। इस अवसर पर एसकेएस के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने कहा कि सरकार को चाहिए कि समय रहते हुए कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जाए।उन्होंने मांगो के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में मुख्य रूप से तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना,एनपीएस को रद्द करके ओपीएस बहाल करना,प्रदेश के तमाम विभागों में खाली पड़े सभी पदों पर रेगुलर आधार पर जल्दी भर्ती करना,हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करना और साथ ही कोरोना काल का बकाया अठारह प्रतिशत एरियर ब्याज समेत देने के साथ-साथ एचआरए की सीमा दस-बीस-तीस प्रतिशत करना आदि शामिल है।साथ ही न्यूनतम वेतन सीमा लागू की जाए,ऑनलाइन ट्रांफ़सर पर ध्यान दिया जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विभागीय यूनियनों में पब्लिक हेल्थ यूनियन के जिला प्रधान रंग लाल संधू, हुडा यूनियन से प्रधान गुरविंदर सिंह, रिटायर कर्मचारी संघ से प्रधान सियानंद प्रोचा, बिजली यूनियन से राज्य उप महासचिव राजिन्द्र राणा, यूनिट प्रधान अजीत सैनी, फायर जिला प्रधान विजय शर्मा, सुल्तान सिंह, जगमाल सिंह व अशोक यादव मौजूद रहे।

## शहर से बंदर पकड़ने का काम शुरू

- प्रेम नगर व राम नगर में लगाए पिंजरे, नागरिकों को मिलेगी निजात- अभिषेक मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बने बंदरों को पकडऩे का काम शुरू हो गया है। इसके लिए शुक्रवार को बंदर पकडऩे में माहिर व्यक्तियों की टीम ने शहर के प्रेम नगर व राम नगर में दो पिंजरे लगा दिए हैं। शुक्रवार को यह जानकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी। उन्होंने बताया कि शहर के नागरिकों को बंदरों से निजात दिलाने के लिए नगर निगम गम्भीरता से कार्य कर रहा है। बंदरों को पकडऩे के कार्य की अवधि एक वर्ष की रहेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त क्षेत्रों से बंदर पकडऩे के पश्चात पुराना शहर व सेक्टर क्षेत्र में पिंजरे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी क्षेत्र में बंदर ज्यादा तादाद में हैं, तो वह एजेंसी के सम्पर्क नम्बर 9690402290 तथा नगर निगम के टोल फ्री नम्बर 18001802700 पर सूचना दे सकते हैं। बंदरों व सुअरों को पकडऩे के यह रहेंगे नियम व शर्तें- निगमायुक्त ने जानकारी देते बताया कि बंदरों को पकडऩे के लिए नगर निगम द्वारा नियम व शर्तें निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि बंदरों को एनिमल बोर्ड ऑफ इंडिया के मानदंडों के अनुसार ही पकड़ा जाएगा। पकड़े गए सभी बंदरों को कलेसर के जंगल में छोडऩा होगा। सम्बंधित एजेंसी को प्रीवेंशन ऑफ क्रूएल्टी ऑफ एनीमल एक्ट-1960 व वन्य प्राणी अधिनियम -1972 की धारा-12 (बीबी) तथा ए.डब्ल्यू.बी.आई. के आदेशों की पालना करना अनिवार्य होगा। इन्हें पकड़ते समय किसी भी प्रकार की क्रूरता व निर्दयता नहीं बरती जाएगी तथा पिंजरा व अन्य सभी उपकरण सम्बंधित एजेंसी के होंगे।

## ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने जड़ा नन्हेडा पाठशाला को ताला

# शिक्षक के निलंबन से सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री



इंद्री। राजकीय मॉडल संस्कृत प्राथमिक पाठशाला नन्हेड़ा मे पहुंच कर ग्रामीणों से बात करते खंड शिक्षा अधिकारी इंद्री गुरनाम सिंह। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल सांस्कृतिक प्राथमिक पाठशाला नन्हेड़ा के शिक्षक महेंद्र कुमार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित करने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों में रोष पनपता जा रहा है । रोष स्वरूप नन्हेड़ा पाठशाला के बच्चों, गांव के लोगों व महिलाओं ने शुक्रवार को पाठशाला नन्हेड़ा के गेट का ताला लगाकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । उन्होंने शिक्षक महेंद्र कुमार को तुरंत बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने बगैर किसी कारण व बिना जांच किए ही अध्यापक महेंद्र कुमार को निलंबित किया है । गांव के लोगों, महिलाओं व स्कूली बच्चों ने कहा कि जब तक महेंद्र शिक्षक महेंद्र कुमार के निलंबन को रद्द कर स्कूल नहीं भेजा जाता उस समय तक स्कूल का ताला लगा रहेगा । सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढी जाटान के प्रधानाचार्य शेखर शर्मा मौके पर पहुंचे और स्कूल की स्थिति का जायजा लेकर बच्चों व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण व स्कुली बच्चे अध्यापक महेंद्र कुमार के निलंबन को रद्द करने की मांग पर अड़े रहे । करीब 3 घंटे तक पाठशाला का ताला जडा रहा । इस दौरान स्कूली बच्चे भयंकर गर्मी में स्कूल के गेट पर नारेबाजी करते रहे । उसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी इंद्री गुरनाम सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया । लेकिन ग्रामीण व बच्चे अपनी बात पर अड़े रहे कि शिक्षक महेंद्र कुमार को तुरंत बहाल किया जाए । इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने फोन पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से बात कर ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि कमेटी का गठन कर दिया गया है और एक सप्ताह में जांच पूरी कर निलंबन को रद्द करवाने का आश्वासन दिया।

**एक सप्ताह बाद फिर स्कूद बंद करेने की मांग**

ग्रामीण डॉ राजेश कांबोज, बलिंद्र, राजीव, पिंटू,उधम सिंह, बाबूराम, सुरेंद्र, मलकीत, पुर्ण कांबोज, छात्र यश अरमान, ,अनुज, लवकेश, लक्षय, कार्तिक , महिला शीला, राजबाला, लक्ष्मी, संतोष व कमला आदि ने कहा कि यदि शीघ्र समाजसेवी, कर्मठ व मेहनती शिक्षक महेंद्र कुमार के निलंबन को रद्द कर एक सप्ताह के अंदर स्कूल में नहीं भेजा गया तो एक सप्ताह बाद फिर से स्कूल का ताला जड़ दिया जाएगा । ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक महेंद्र कुमार ने स्कूल में पेड़ पौधे लगाकर स्कूल को बहुत सुंदर बना दिया है । उनके कार्यकाल में स्कूल को दो बार जिला स्तर पर प्रथम स्थान भी मिल चुका है।

**कमेटी गठित की**

इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी इंद्री गुरनाम सिंह ने बताया कि अध्यापक महेंद्र कुमार के मामले मे कमेटी गठित कर दी गई है जांच करने करने के बाद अध्यापक महेंद्र कुमार का निलंबन रद्द करवा दिया जाएगा। ग्रामीणों को समझा दिया गया है जिसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोल दिया है ।

## शहरी मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में लामबंद करने का कार्य करेगी सैलजा की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। राजेंद्र बल्ला विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान चर्चा करते हुये। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जो पूर्व सदस्य हरियाणा पुलिस भर्ती बोर्ड और नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट के प्रबल दावेदार राजेंद्र बल्ला नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारो से बात करते हुए कहा कि सिरसा से कांग्रेस पार्टी की सांसद एवं 36 बिरादरी की जनप्रिय नेता कुमारी शैलजा द्वारा शहरी इलाकों में पदयात्रा निकालने की जो घोषणा की है उससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बहुत जोश है । कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनमानस में भी इस यात्रा को लेकर उत्साह है । क्योंकि कुमारी सैलजा 36 बिरादरी की ईमानदार और साफ छवि की नेता है और वह अपने राजनीतिक जीवन में केवल और केवल कांग्रेस पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करती रही हैं । उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में जो उम्मीद और उत्साह कांग्रेस पार्टी के प्रति दिखाया है यह यात्रा उस उम्मीद और उत्साह को कांग्रेस पार्टी के पक्ष में लहर के रूप में बदलने का काम करेगी।

## खबर संक्षेप

### घर से जेवर चोरी नौकरानी पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की एकता विहार कॉलोनी में एक नौकरानी ने घर में सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। इधर, चांदनीबाग थाने में दी शिकायत में सुनीता देवी ने बताया कि वह मूल रूप से गांव उग्राखेड़ी की रहने वाली है। फिलहाल वह एकता विहार कॉलोनी में रहती है। उसने अपने घर पर काम के लिए कुसुम नाम की महिला को रखा था। वह दो मई को चली गई। जबिक दो मई से पहले सुनीता अपने मायके गई थी। करीब सात दिन बाद वह वापस लौटी। वापस आकर उसने घर में रखा बक्सा चेक किया। उसमें से जेवर गायब मिले। पुलिस ने कुसुम पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान लें किसान

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024 25 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन के प्रोत्साहन हेतु सीआरएम स्कीम के अंतर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के लिए आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत अनुदान राशि दिया जाएगा।

### हुडा सेक्टर 13-17 की सड़कें टूटी

**पानीपत।** समाजसेवी देवी दयाल अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार व नगर निगम के अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि हुडा जैसे पाश इलाके सेक्टर 13-17 की लगभग सभी सड़के टूटी पड़ी हैं। उन्होंने टूटी सड़कों का नव निर्माण किए जाने की मांग सहकारिता एवं पंचायत मंत्री महीपाल ढांडा से की है।

### अपहरणकर्ता पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने सैनी कॉलोनी में रोहित व अंकुश निवासी सैनी कॉलोनी को अगवा कर चोट मारने के मामले में पांचवें आरोपी राहुल उर्फ झटका निवासी महादेव कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपी ने पुलिस के डर से न्यायालय में सरेंडर किया था, वहीं पुलिस ने राहुल को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में थाना किला में रोहित की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बाइक चोर तीन नाबालिग पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले तीन नाबालिग आरोपियों को मित्तल मेगा मॉल के पास से गिरफ्तार किया। वहीं, बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में मोनू पुत्र सतपाल निवासी डाबर कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है। पूछताछ में नाबालिग आरोपियों ने पुलिस को बताया उन तीनों ने बाइक चलाने का शौक पूरा करने के मिलकर उक्त बाइक चोरी की थी। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि पूछताछ के बाद तीनों नाबालिग आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया।

### होस्टल मैस वर्कर्स यूनियन ने सौंपा मांग पत्र

**कुरुक्षेत्र।** होस्टल मैस वर्कर्स यूनियन ने अपना मांग पत्र हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री सुभाष सुधा के नाम उमा सुधा अध्यक्ष नगर परिषद थानेसर को दिया। उमा सुधा ने मैस कर्मचारीयों को आश्वासन दिया है कि मंत्री से कह कर आपको पक्का करवाने प्रयास करेंगे। मांग पत्र देते हुए होस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा, महासचिव कृष्ण चन्द सैनी, उप प्रधान ख्याली राम कोषाध्यक्ष अमन कुमार दुग्गल, पवन कुमार मट्टू, मनोज कुमार काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

### प्रभातफेरी में राधा नाम का किया गुणगान

**पिहोवा।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणाओं से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष होने वाली प्रभातफेरियों की श्रृंखला में गो सेवा को समर्पित शुक्रवार की प्रभातफेरी सुशील गर्ग परिवार द्वारा श्री कृष्ण कृपा मंदिर में करवाई गई। नरेश शर्मा द्वारा गणेश वंदना, राजेंद्र शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना, अशोक तनेजा द्वारा गुरु वंदना व सागर कश्यप द्वारा राधा नाम का गुणगान किया गया।

### किसान विरोधी है केंद्र व हरियाणा की सरकारें : डॉ. सुरेंद्र

# किसान सभा ने इसराना एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया

- किसानों द्वारा तैयार खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाना बंद करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना**

अखिल भारतीय किसान सभा ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय इसराना के बाहर दो घंटे तक प्रदर्शन कर दिया धरना। धरने के बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी के नाम इसराना की एसडीएम ज्योति मित्तल को ज्ञापन सौंपा। किसान सभा के जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक व जिला सचिव राजपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य की सरकार किसान विरोधी है। देश के ऐतिहासिक किसान आंदोलन के समय सरकार ने वायदा किया था। खरीद पर एमएसपी गारंटी कानून बनाएंगे। अभी तक एमएपी कानून नहीं बना है। वर्तमान समय में देश का अन्नदाता सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान बदहाली में है। किसानों की फसलों के पूरे दाम मिले, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करो, किसानों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए। खाद और दवाइयां फसल बिजाई के समय सरकारी दुकानों पर सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाई जाए। किसानों द्वारा तैयार खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाना बंद करे। खरीद के लिए पंजीकरण पोर्टल व्यवस्था खत्म की जाए और बिना शर्त किसने की फसलों की खरीद मंडी में की जाए। किसानों द्वारा पिछले कई वर्षों से नए ट्यूबल कनेक्शन के लिए जो सिक्योरिटी भर रखी है उन्हें तुरंत एक महीने के अंदर कनेक्शन जारी किया जाए। एसडीएम ज्योति मित्तल को ज्ञापन दिया। इस मौके पर किसान सभा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मलिक, सचिव राजपाल, कोषाध्यक्ष दिलावर सिंह राठी, ब्लॉक इसराना के सचिव रामकिशन कुंडू, बलवान सिंह, भले राम ने भी धरने को संबोधित किया।



पानीपत। अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारी, एसडीएम इसराना को मांग पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। रविंद्रा हॉस्पिटल में रोगी को पौधा भेंट करते हुए डॉ. प्रवीण कौशिक।

# पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी

- रविंद्रा अस्पताल में चिकित्सकों ने रोगियों को रोपण के लिए पौध बांटे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित रविंद्रा हॉस्पिटल में अनोखी पहल के तहत रोग का उपचार करवा कर डिस्चार्ज होने वाले मरीजों को पौधें वितरित किए गए। हॉस्पिटल के संचालक डॉ. तुषार कालड़ा ने बताया कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो मनुष्य के लिए अति आवश्यक है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधें रोपित करने चाहिए। पौधारोपण करने से पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है। पौधा लगाने के साथ साथ उनकी देखभाल करना भी बहुत जरुरी है। डॉ.तुषार ने बताया कि अब तक वे दर्जनों पौधें डिस्चार्ज हुए मरीजों को बांट चुके है। पौधें वितरण की शुरूआत ब्रिगेडियर एसपी रावत और आईएएस एल फनाई को पौधा भेंट कर के की गई थी। उन्होंने नागरिकों से मानसून के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने की अपील की। जबकि अंकित सैनी, प्रवीण कौशिक, यूनिट इंचार्ज फरमान अली, सीनियर टेक्नीशियन हरजीत कौशिक, अंशू सैनी, आयूष राठी, आरती ठाकुर, आजाद, सुनील आदि ने भी रोगियों को पौधे बांटे।

### लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में विद्यालय में पौधे रोपे

**पानीपत।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में बच्चों ने पर्यावरण को घना व सुरक्षित रखने के लिए शपथ ली। वहीं, पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अलग अलग तरह के पेड़ पौधे लगाए गए। सुरेंद्र गाहल्याण ने बच्चों को पेड़ पौधों के महत्व के बारे में समझाया और ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए कहा। स्कूल में पौधे लगाए गए और उनकी देखभाल का प्रण लिया गया।

# विधवा महिलाओं को राशन बांटा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

आसरा फाउंडेशन ने शुक्रवार को जरूरतमंद विधवा महिलाओं जो की अपने बच्चों को सपोर्ट करने के लिए लिखना और पढ़ना सीख रही हैं एवं जरूरतमंद लड़कियों की जो अपने पैरों पे खड़े होने के लिए पार्लर और सिलाई का काम सीख रही हैं को राशन वितरित किया।

राशन में आसरा फाउंडेशन ने रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाला रसोई का सामान जैसे 10 किलो आटा, चीनी, दालें, तेल, चावल, नमक इत्यादी वितरित किया। सामान पाकर सभी बहुत खुश थे और सभी महिलाओं ने आसरा के मेंबर्स को आशीर्वाद और दुआएं दी। राशन वितरित करने वालों में आसरा फाउंडेशन से अनवी शिंगला, राघव अरोड़ा, टिया जैन और महक कटारिया ने कहा कि सामर्थ लोगों को निर्धन वर्ग की मदद के लिए आगे आना चाहिए।



पानीपत। आसारा फाउंडेशन के स्वयंसेवी,जरूरतमंदों को राशन बांटते हुए।

# स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानी मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी

- छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

आर्य बाल भारती परिसर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता एवं महान स्वतंत्रता सेनानी और बलिदानी मंगल पांडे की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्कूल के कोषाध्यक्ष महताब मलिक, प्राचार्य सत्यवान मलिक की उपस्थिती में छात्र-छात्राओं ने अनेक देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इधर, कोषाध्यक्ष महताब मलिक ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों बलिदानियो का हमेशा ऋणी रहेगा। जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने महान बलिदानी मंगल पांडे की वीरता की गाथा विद्यार्थियों को सुनाते हुए अपील की कि वे शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए देश, समाज, मानवता की सेवा करें।

प्राचार्य ने अध्यापकों, अभिभावकों और छात्रों से पृथ्वी, प्रकृति और जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को घना करना सभी की जिम्मेदारी है। मानसून के मौसम में सभी को अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने चाहिए व उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए।



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# इनर व्हील क्लब ने विद्यार्थियों को स्कूल बैग बांटे

- क्लब की ओर से स्कूल दी जा चुकी है दो लाख से अधिक की आर्थिक सहायता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में इनर व्हील क्लब डिस्टिक पानीपत चार्टर के सदस्यों का विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य रेणुका गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि इनर व्हील क्लब पानीपत के द्वारा हमारे विद्यालय को सत्र 2023-2024 में लगभग दो लाख छियासठ सौ रुपये का सामान दान दिया है। इसमें खेल का सामान, स्टेशनरी का सामान, वेंडिंग सेनेटरी नैपकिन मशीन, छात्रों के लिए सर्दियों में जर्सी, प्रवेश उत्सव से पूर्व विद्यालय में 580 स्कूल बैग बच्चों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इनर व्हील क्लब पूरे संसार का सबसे अग्रणी क्लब है जो की समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है। क्लब ने विद्यालय को जो दान स्वरूप राशि दी है उसके लिए हम क्लब के सदैव आभारी रहेंगे। क्लब की प्रधान डॉ. पूजा मेहंदीरता ने कहा कि प्रत्येक आदमी को अपने जीवन में दान देना चाहिए और समाज सेवा करके पुण्य का भागी बनना चाहिए।




पानीपत। राजकीय स्कूल, निजामपुर में विद्यार्थियों को बैग वितरित करते हुए इनर व्हील क्लब की सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# युवक से बुआ के परिवार ने 21 लाख रुपये ठगे

- विदेश भेजने का झांसा दिया था, पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

पानीपत के गांव गढी छाजू निवासी विनीत सिंह को विदेश भेजने का झांसा देकर उसके फूफा, बुआ व फूफेरे भाइयों ने 21 लाख रुपये की ठगी कर ली।

वहीं थाना समालखा पुलिस को दी शिकायत में विनीत सिंह ने बताया कि उसकी सगी बुआ संतोष निवासी यमुना एन्क्लेव है। इसका बेटा प्रदीप और बहू ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं। दूसरा बेटा संदीप, पानीपत में ही रहता है।

इनके अलावा प्रवीन फफडाना व इसका साथी रिंकू को उसने कनाडा जाने के नाम पर 21 लाख रुपये दिए थे। जिसमें से 5 लाख संतोष बुआ को, 2 लाख रुपये संदीप को, 2 लाख रुपये रिंकू को व बाकी 12 लाख प्रदीप और फूफा सतबीर को दिए थे। रुपये लेने के बाद संदीप, प्रदीप व प्रवीन फफडाना ने उसे नकली पासपोर्ट पर नकली वीजा दे दिया। विनीत का कहना है कि उसकी घर की आर्थिक हालत अब बिल्कुल खराब है। उसने अपनी जमीन बेचकर ये रुपये आरोपियों को दिए। लेकिन अब वे न ही रुपये वापस कर रहे है और न ही उसे विदेश भेज रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी की बाइक के साथ पकडा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 की किशनपुरा चौकी पुलिस ने गोहाना रोड पर खन्ना मोड़ के पास पपू पुत्र सत्यवान निवासी गांव मुंडलाना जिला सोनीपत को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। किशनपुरा चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर आशीष ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में राहुल पुत्र ओमप्रकाश निवासी बबैल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कच्ची शराब के दो तस्कर पकडे

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने काबड़ी बोहली रोड पर अवैध कच्ची शराब सहित बाइक सवार दो तस्करों गुरूदेव पुत्र लखविंद्र व दूसरे का यशप्रीत पुत्र सुखदेव निवासी गांव न्यू बोहली जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से बाइक व 58 लीटर कच्ची शराब बरामद की। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज किया गया और इन से बरामद शराब व बाइक को केस की जांच को इंपाउंड कर लिया गया।

# क्लब के सदस्यों ने कचहरी परिसर में पौधे रोपे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

- पेड़ों के पर्यावरण का महत्व बताया

इनर व्हील क्लब की सदस्यों ने एको पानीपत डिस्ट्रिक्स कोर्ट परिसर मे पौधे लगाए। इसके साथ ही पेड़ों के पर्यावरण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर हम पर्यावरण को कैसे सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थितजनों को अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर क्लब की प्रेजिडेंट प्रतिभा सहरावत, सेक्ट्री सिमी लीखा, निशा बंसल एडिटर, सन्या आर्य व डा.वंदना पाहुजा और कोर्ट से सभी वकीलों ने भाग लिया। इस अवसर पर दीपक सहरावत, पवन मलिक, रोहित जैन, लोवीश कश्यप, संदीप कुंडू व अमित मखीजा शामिल रहे।




पानीपत। इनर व्हील क्लब की सदस्यगण, कचहरी परिसर में पौधे रोपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### निफा ने विद्यार्थियों को रोपण के लिए पौधे बांटे

**पानीपत।** निफा टीम द्वारा गो ग्रीन इंडिया अभियान के तहत आठ मरला स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में पौधा वितरण किया गया। निफा हरियाणा दिव्यांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमित जांगड़ा व अध्यापक सुनील कुमार ने बच्चों को बताया की पेड़ इस दुनिया को हरा-भरा रखते हैं और सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं अपितु अन्य जीव जन्तुओं को भी फायदा पहुंचाते हैं। प्रत्येक बच्चे को अपने पौधे को पेड़ बनने तक उसकी देखभाल का वादा लिया। इस मौके पर मुख्य शिक्षिका लाजवंती, अध्यापक विकास शर्मा, अध्यापिका सुमन देवी, बबिता आदि मौजूद रहे। सभी ने पौधों को रोपने व इनकी जवान होने तक देखभाल करने का आश्वासन दिया।

### जनता समाधान शिविर में 231 समस्याओं में 114 का मौके पर ही समाधान किया

# समाधान कैंप में लगातार बढ़ रही शिकायतकर्ताओं की संख्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत**

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जनता समाधान शिविर में शिकायतकर्ता की शिकायत के साथ दूध का दूध व पानी का पानी होता है। न्याय के लिए यह जनता समाधान शिविर हमेशा याद किया जाता रहेगा।

इन शिविरों की कामयाबी के बाद जिले में काफी बदलाव दिखाई देने लग गया है। समस्याओं के समाधान को लेकर लोगों में जो बैचेनी थी उस पर काफी हद तक लगाम लगी है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में समय परिवर्तन करने के बाद समस्याओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग ज्यादा समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। शहर के लोगों की समस्याएं कम है जिनका निदान कम से कम समय में हो जाता है। उपायुक्त ने बताया कि शिविर में कई बार कुछ लोग नौकरी के लिए भी पहुंचते हैं जो इस शिविर का हिस्सा नहीं है। शिविर का उद्देश्य केवल समस्याओं का समाधान करना है नौकरी के लिए यह मंच नहीं है। शिविर में 231 समस्याओं में 114 का मौके पर ही समाधान किया। जबकि कैंप में निगम कमिशनर साहिल गुप्ता, एसडीएम मनदीप सिंह, निगम संयुक्त कमिशनर मणि त्यागी, नगराधीश टीनू पोसवाल, जिला परिषद के सीईओ गौरव, सीएमओ डॉ जयंत आहुजा, जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल, मत्स्य अधिकारी अनुज कुमारी, चीफ इंजीनियर शुगर मिल राजकुमार, एलडीएम राजकुमार, पशुपालन विभाग डॉ. माणिक, वन विभाग के रेंज आफिसर जय किशन आदि मौजूद रहे।



पानीपत। सचिवालय में जनसुनवाई करते हुड डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

### हड़ताल से जनता को नुकसान

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर मौजूदा समय में पिछले कई दिनों से हड़ताल पर गए प्रदेश के तहसीलों के कंम्पयूटर आप्ररेटर को हटाकर उनकी जगह अन्य शिक्षित युवाओं को भर्ती करने की मांग की है। मलिक ने हड़ताली कम्पयूटर आप्ररेटर को भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है। हड़ताल से जनता को नुकसान है।

### डीएवी में एमयूएन ट्रेनिंग कैंप

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एमयूएन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को देश विदेश के कई विषयों की जानकारी दी गई एवं साक्षात्कार कौशल के साथ जोड़ा गया। प्रशिक्षण देने हेतु कौशल अभ्यस्त उपदेशक राहुल मेनन एवं गरिमा राजपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यार्थी प्रतिभागी बनें। प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा, सकाय सलाहकार सुशील मिश्रा और हिमांशी के सहयोग से प्रतिक्षण संपंन किया गया।

### प्राची का आईआईटी में चयन

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल की नॉन मेडिकल से विद्यालय की होनहार छात्रा प्राची का आईआईटी खडग़पुर कंप्यूटर साइंस में चयन हो गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.बबीता भारद्वाज, विद्यालय की प्रबंधन समिति के चेयरमैन विनोद गुप्ता, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गुप्ता व ऑडिटर नीरज सिंगला ने प्राची एवं प्राची के अभिभावकों को शुभकामनाएं दी एवं उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

